वर्ष : 01 अंक 254
अररिया
शुक्रवार, 07 शनिवार 2024
वर्ष : 2024
पृष्ठ 02
मूल्य : निशुल्क

डिजीटल दैनिक न्यूज पेपर
# नजरिया न्यूज
NAJARIA NEWS & SERVICES PRIVATE LIMITED द्वारा संचालित

Regd : Under Ministry of Corporate Affairs, Govt. Of India Regn. No-(CIN) : U18200BR2023PTC064280
website : - www.najarianews.in

मूल्य : निशुल्क
Email Id :- najarianewsofficial@gmail.com

## चौठचंद्र त्योहार धूमधाम मनाया गया, महिलाओ ने किया चांद की पूजा



नजरिया न्यूज़। भरगामा।
भरगामा प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से चौठचंद्र पर्व मनाया गया। महिलाएं पूरे दिन उपवास रखकर संध्या के समय चांद के साथ–साथ भगवान गणेश की पूजन किया। चौरचन पर्व को लेकर सिमरबनी, शंकरपुर, जयनगर, कुशमौल, महथावा, सिरसिया कला, भरगामा, आदि रामपुर, खजूरी, धनेश्वरी, चरैया आदि जगहों में महिलाओं के साथ–साथ बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

चौठचंद्र त्योहार को लेकर पंडित राजेंद्र मिश्रा ने बताया मिथिला में चौरचन ( चौठचंद) पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। यह पूजा विशेष रूप से महिला करती हैं। पूरी, पकवान, 56 भोग बनता है और चंद्र देव( चंद्रमा) का भोग लगता है, फिर उन्हें अर्पित किया जाता है।

यह मिथिला का एक ऐसा त्योहार है, जिसमें चांद की पूजा बड़ी धूमधाम से होती है। मिथिला की संस्कृति में सदियों से प्रकृति संरक्षण और उसके मान–सम्मान को बढ़ावा दिया जाता रहा है। मिथिला के अधिकांश पर्व–त्योहार मुख्य तौर पर प्रकृति से ही जुड़े होते हैं, चाहे वह छठ में सूर्य की उपासना हो या चौरचन में चांद की पूजा का विधान। मिथिला के लोगों का जीवन प्राकृतिक संसाधनों से भरा–पूरा है, उन्हें प्रकृति से जीवन के निर्वहन करने के लिए सभी चीजें मिली हुई हैं और वे लोग इसका पूरा सम्मान करते हैं। इस प्रकार मिथिला की संस्कृति में प्रकृति की पूजा उपासना का विशेष महत्व है और इसका अपना वैज्ञानिक आधार भी है।

मिथिला में गणेश चतुर्थी के दिन चौरचन पर्व मनाया जाता है। कई जगहों पर इसे चौठचंद्र नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मिथिलांचल के लोग काफी उत्साह में दिखाई देते हैं। लोग विधि–विधान के साथ चंद्रमा की पूजा करते हैं। इसके लिए घर की महिलाएं पूरा दिन व्रत करती हैं और शाम के समय चांद के साथ गणेश जी की पूजा करती हैं।

सूर्यास्त होने और चंद्रमा के प्रकट होने पर घर के आंगन में सबसे पहले अरिपन (मिथिला में कच्चे चावल को पीसकर बनाई जाने वाली अल्पना या रंगोली) बनाया जाता है। उस पर पूजा–पाठ की सभी सामग्री रखकर गणेश तथा चांद की पूजा करने की परंपरा है। इस पूजा–पाठ में कई तरह के पकवान जिसमें खीर, पूड़ी, पिरुकिया (गुझिया) और मिठाई में खाजा–लड्डू तथा फल के तौर पर केला, खीरा, शरीफा, संतरा आदि चढ़ाया जाता है।

घर की बुजुर्ग स्त्री या व्रती महिला आंगन में केला के पत्ता में सभी सामग्री रखकर चंद्रमा को अर्पित करती हैं, यानी हाथ उठाती हैं। इस दौरान अन्य महिलाएं गाना गाती हैं 'पूजा के करबै ओरियान गै बहिना, चौरचन के चंदा सोहाओन।' यह दृश्य अत्यंत मनोरम होता है। चौरचन पर्व मनाने के पीछे जो कारण है, वह अपने आप में बहुत खास है। आखिर लोक परंपरा में किसी भी त्योहार को मनाने के पीछे एक खास मनोवृत्ति या मनोविज्ञान होता है, जो किन्हीं कारणों से गढ़ा जाता है। मिथिला में चौरचन मनाए जाने के पीछे भी एक खास तरह की मनोवृत्ति छिपी हुई है।

माना जाता है कि इस दिन चांद को शाप दिया गया था। इस कारण इस दिन चांद को देखने से कलंक लगने का भय होता है। परंपरा से यह कहानी प्रचलित है कि गणेश को देखकर चांद ने अपनी सुंदरता पर घमंड करते हुए उनका मजाक उड़ाया। इस पर गणेश ने क्रोधित होकर उन्हें यह शाप दिया कि चांद को देखने से लोगों को समाज से कलंकित होना पड़ेगा। इस शाप से मलित होकर चांद खुद को छोटा महसूस करने लगा। शाप से मुक्ति पाने के लिए चांद ने भाद्र मास, जिसे भादो कहते हैं की चतुर्थी तिथि को गणेश पूजा की। तब जाकर गणेश जी ने कहा, "जो आज की तिथि में चांद के पूजा के साथ मेरी पूजा करेगा, उसको कलंक नहीं लगेगा।" तब से यह प्रथा प्रचलित है। चौरचन पूजा यहां के लोग सदियों से इसी अर्थ में मनाते आ रहे हैं। पूजा में शरीक सभी लोग अपने हाथ में कोई न कोई फल जैसे खीरा व केला रखकर चांद की अराधना एवं दर्शन करते हैं। चैठचंद्र की पूजा के दैरान मिट्टी के विशेष बर्तन, जिसे मैथिली में अथरा कहते हैं, में दही जमाया जाता है। इस दही का स्वाद विशिष्ट एवं अपूर्व होता है।

## धूमधाम से मनाया गया तीज का त्यौहार



नजरिया न्यूज़। भरगामा।
सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना के लिए रखा निर्जला व्रत
भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि हरितालिका तीज भगवान शिव और माता अखंड जुड़ाव का प्रतीक है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा की जाती है मान्यता है कि इस दिन गौरी शंकर की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। हरितालिका तीज व्रत करने से पति की लंबी आयु की प्राप्ति होती है। जिसके चलते इस निर्जला व्रत को सुहागिन महिलाएं करती है। सार्वजनिक दुर्गा मंदिर महथावा के
जानकार पंडित ओमेन्दु झा ने बताया भरगामा प्रखंड मुख्यालय सहित पूरे प्रखंड जयनगर, सिरसिया कला, महथावा, भरगामा, आदि रामपुर, खजूरी, चरैया, धनेश्वरी में निर्जला व्रत हरतालिका तीज मनाया गया। जहां महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करके पति की दीर्घायु होने की मनोकामना की। व्रतधारी महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर और रात में पूजन कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा। तीज व्रत करने वाली महिलाओं ने प्रातः गौर पूजन किया। इसके बाद घरों को सुंदर मंडप के नीचे गौर को विराजित कर उसकी विधि विधान से पूजन किया गया। पूजन में व्रतधारी महिलाएं पांच प्रकार के व्यंजन अर्पित कर रहे थे। भगवान शंकर और पार्वती के अक्श को हल्दी, कुमकुम, चंदन, बेलपत्र और भगवान शंकर एवं माता पार्वती को चढ़ाने वाले फल एवं सुहाग की सामग्री चढ़ाकर शुभ मुहूर्त पर भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन किया। रात्रि में व्रत धारी महिलाएं एक दूसरे के घरों में पहुंची और हल्दी कुमकुम का सौभाग्य का तिलक लगाया गया और रात्रि जागरण किया। हरितालिका तीज का व्रत सुहागिन महिलाओं की ओर से पति की दीर्घायु की कामना से व्रत को निर्जला रूप में किया जाता है। यह व्रत वर्ष में एक बार आने वाले कठिन व्रत है। व्रत सभी सौभाग्यवती स्त्रियां निर्जला निराहार रहकर करती है यह सबसे लंबी अवधि का व्रत माना गया है। जो सूर्योदय से शुरू होकर दूसरे दिन सूर्योदय तक उपासक निराहार निराला रहकर व्रत करते हैं रात्रि में जागरण कर चार पहर की पूजा होती है हरितालिका तीज के गौर का विसर्जन सरोवर में भक्ति भाव के साथ किया जाता है।

## चोरी के ट्रांसफार्मर के साथ दो चोर गिरफ्तार




नजरिया न्यूज़। भरगामा।
भरगामा प्रखंड अंतर्गत सिरसिया कलां पंचायत के कदम चौक स्थित ट्रांसफार्मर से तीन दिन पुर्व तेल की चोरी कर ली गई जबकि मंगलवार के देर रात चोरों के द्वारा खाली पडे ट्रांसफार्मर की चोरी कर फरार हो गया। जिसको लेकर कनीय विद्युत अभियंता भरगामा अनुराग कुमार नें भरगामा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है।
जदिया पुलिस ने बुधवार की सुबह लक्ष्मीनिया टोल प्लाजा के पास ऑटो पर संठी से ढके चोरी के बिजली ट्रांसफार्मर व ऑटो को बरामद करते हुए चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस एसआई अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने दोनों गिरफ्तार चोरों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को पुलिस बल के साथ में गस्ती कर रहे थे जब लक्ष्मीनिया टोल प्लाजा के पास पहुंचे तो देखा दो व्यक्ति एक ऑटो पर सवार थे और ऑटो के डाला में पाट का संठी लदा था। ऑटो तेज रफ्तार से त्रिवेणीगंज बाजार की ओर जा रही थी पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो दोनों चोर ऑटो से उतरकर भागने लगे जिसे खदेडकर पुलिस ने पकड़ लिया। ऑटो की तलाशी लेने पर बिजली का ट्रांसफार्मर मिला। दोनों चोर ने पूछताछ में स्वीकार किया। बरामद ट्रांसफार्मर को उन लोगों ने भरगामा प्रखंड के सिरसिया कला गांव के कदम चौक से चोरी की थी। उसे बेचने के लिए जा रहे थे। गिरफ्तार चोर त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनिया वार्ड संख्या 14 निवासी आशुतोष कुमार और भरगामा थानाक्षेत्र के सिरसिया हनुमानगंज वार्ड संख्या चार निवासी छोटू कुमार शामिल थे।

## बिजली के करंट से महिला झुलसी इलाज जारी



नजरिया न्यूज़। भरगामा।
बिजली के करंट से एक महिला बुरी तरह से झुलसी परिजनों ने अस्पताल में कराया भर्ती।
भरगामा प्रखंड के नया भरगामा पंचायत अंतर्गत हिंगवा वार्ड संख्या 15 में बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में मो मुख्तार की पुत्री जुगनू खातून के पॉलिस्टर के बने सलवार शूट में आग लग गई। जिससे उसका शरीर 80□ जल गया। घटना गुरुवार अपराह्न साढे तीन बजे की बताई जा रही है। उप सरपंच मो इसराइल ने जानकारी देते हुए बताया घर के सभी सदस्य खाना खाकर बाहर गए हुए थे। इसी क्रम में बिजली के शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई। जिसे देखने गई जुगनू खातून के सलवार सूट में आग पकड़ लिया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई। वहीं स्थानीय ग्रामीण एवं परिजनों के सहयोग से घायल को प्राथमिक उपचार के लिए बनमनखी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां उसकी स्थिति बिगड़ते देख उसे हायर सेंटर पूर्णिया रेफर कर दिया गया। जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

## डीएसपी भरगामा के निगरानी में सघन वाहन जांच





नजरिया न्यूज़। भरगामा।
अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से गुरूवार को भरगामा पुलिस ने भरगामा डीएसपी संतोष कुमार पोद्दार के निगरानी मे महथावा बाजार में सघन वाहन जॉच अभियान चलाया गया। जिससे सडक पर वाहन चालकों मे हडकंप मच गया। वाहन जांच अभियान का नेतृत्व डीएसपी संतोष कुमार पोद्दार, अपर थानाध्यक्ष दीपक कुमार व सशस्त्र पुलिस वालों के द्वारा किया गया। इस दौरान सडकों पर चलने वाली सभी दो पहिया वाहनों की जांच की गई। जिसमे चालक का ड्राइविंग लाइसेंस , प्रदूषण , हेलमेट सहित अन्य कागजातो की जॉच हुई। साथ ही इस मौके पर वाहन चालको के वाहन मे दुरूस्त कागजात रखने की सलाह दी गई। जांच के दौरान चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने का सख्त निर्देश दिया गया। इस दौरान वाहन जांच से अन्य वाहन चालकों में हडकम्प मच गया। जानकारी देते हुए भरगामा डीएसपी संतोष कुमार पोद्दार ने बताया कि यह अभियान अनावश्यक रूप से घूमने वाले लहरिया कट वाईकर्स एवं अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया जा रहा है। इस अवसर पर लोगो को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया गया। वही जांच के दौरान पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर ट्रिपल लोड बाइक सवार व खासकर संदेहास्पद लोगो को गहन पुछताछ भी की। संतोषजनक जवाब देने पर पुलिस द्वारा छोडा दिया गया। वाहन जांच अभियान मे थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सिकटी विधानसभा में चौठचंद्र त्योहार धूमधाम मनाया गया, महिलाओ ने किया चांद की पूजा



नजरिया न्यूज़ रंजन राज संवाददाता
सिकटी विधानसभा क्षेत्र के कुर्साकांटा व सिकटी में धूमधाम से चौठचंद्र पर्व मनाया गया। महिलाएं पूरे दिन उपवास रखकर संध्या के समय चांद के साथ–साथ भगवान गणेश की पूजन किया। चौरचन पर्व को लेकर कुआडी, डुमरिया ,सिकटीया, शंकरपुर,मजरख आदि जगहों में महिलाओं के साथ–साथ बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।
चौठचंद्र त्योहार को लेकर पंडित गणेश क्षा ने बताया मिथिला में चौरचन पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। यह पूजा विशेष रूप से महिला करती हैं। पूरी, पकवान, 56 भोग बनता है और चंद्र देव( चंद्रमा) का भोग लगता है, फिर उन्हें अर्पित किया जाता है।यह मिथिला का एक ऐसा त्योहार है, जिसमें चांद की पूजा बड़ी धूमधाम से होती है। इसमें गणेश तथा चांद की पूजा करने की परंपरा है। इस पूजा–पाठ में कई तरह के पकवान जिसमें खीर, पूड़ी, पिरुकिया और मिठाई में खाजा–लड्डू तथा फल के तौर पर केला, खीरा, शरीफा, संतरा आदि चढ़ाया जाता है।
घर की बुजुर्ग स्त्री या व्रती महिला आंगन में केला के पत्ता में सभी सामग्री रखकर चंद्रमा को अर्पित करती हैं, यानी हाथ उठाती हैं।

## कुर्साकांटा थाना पुलिस ने मेहंदी से 109 बोतल नेपाल शराब किया जब्त, तस्कर फरार।



नजरिया न्यूज़ कुर्साकांटा/अररिया
कुर्साकांटा थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर मेहंदीपुर वार्ड संख्या 2 से 109 बोतल शराब जब्त किया है जानकारी देते थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि शराब तस्कर शराब लेकर मेहंदीपुर के रास्ते आ रहा है सूचना के आधार पर आवश्यक कार्रवाई हेतु पीटीसी उद्दीन परवेज को बल के साथ भेजा गया। तो शराब तस्कर पुलिस की गाड़ी देखकर शराब का बोरा फेंक फरार हो गया। पीटीसी के उद्दीन परवेज के स्वलिखित बयान पर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।



# मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया नव निर्मित स्वास्थ्य संस्थानों का उद्घाटन

नजरिया न्यूज। मोतिहारी



नीतीश कुमार मुख्यमंत्री एवं जे पी नड्डा मंत्री स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा संयुक्त रूप से जिले के नव निर्मित स्वास्थ्य संस्थानों का वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन हुआ। इस दौरान जिला मुख्यालय, स्थित समाहरणालय कक्ष में डीएम सौरभ जोरवाल, सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिँह, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, डीपीसी भारत भूषण एवं जिला स्वास्थ्य समिति के अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान उपस्थित रहे। मौके पर सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिँह ने बताया कि सीएचसी पिपराकोठी प्रखंड के सीएचसी, पकड़ीदयाल मे चैता एचडब्लूसी,कोटवा जसौली मे एचडब्लूसी, अरेराज मलाही मे एपीएचसी, तुरकौलिया बहुरूपया एपीएचसी, बनकटवा, मठिया भोपत एपीएचसी, चकिया में दीदी की रसोई पकड़ीदयाल में दीदी की रसोई अरेराज अनुमण्डलीय अस्पताल मे दीदी की रसोई का उद्घाटन स्थानीय विधायक/विधान पार्षद द्वारा किया गया है।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हुए जनता को समर्पितः


सीएस डॉ विनोद कुमार सिँह ने कहा कि आज शुक्रवार को जिला के तैयार सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को आमलोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया गया। जहाँ लोगों को मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य की जांच, प्रसव पूर्व जांच, प्रसव कराने तथा इसके लिए आशा तथा एएनएम द्वारा पूर्व से तैयारियों संबंधित सुविधाएं, परिवार नियोजन सुविधाएं, संक्रामक तथा गैर संक्रामक रोग प्रबंधन व अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। रक्त, बीपी, शूगर व अन्य प्रकार की जांच तथा दवा आदि की व्यवस्था की जाएगी। सामान्य बीमारियों के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भटकना नहीं होगा।

इन जनप्रतिनिधियों ने किया स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटनः

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएचसी पिपराकोठी का उद्घाटन मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने, अनुमण्डलीय अस्पताल चकिया मे जीविका दीदी की रसोई का उद्घाटन श्यामबाबू यादव, अनुमण्डलीय अस्पताल अरेराज मे जीविका दीदी की रसोई का उद्घाटन सुनील मणि तिवारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटवा का उद्घाटन नरकटिया विधायक शमीम अहमद ने किया।

# जमीन के सभी अभिलेख पूर्णिया से आएगा किशनगंज, जनता को मिलेगी राहत

वीरेंद्र चौहान, नजरिया ब्यूरो किशनगंज।



अगर किन्हीं को अपने जमीन संबंधित पुराना रिकॉर्ड की जरूरत पड़ती है तो उन्हें पूर्णिया जाना पड़ता था लेकिन अब बहुत जल्द लोगों को पुराना रिकॉर्ड भी किशनगंज जिला में ही उपलब्ध हो जाएगा। इसके लिए डीएम तुषार सिंगला के निर्देश पर निबंधन विभाग द्वारा पूर्णिया में रखे वर्ष 1970 के पूर्व का रिकॉर्ड किशनगंज लाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।इससे पूर्व में 30 वर्ष का अभिलेख लाया जा चुका है तथा शेष 50 वर्ष का अभिलेख लाया लाया जाएगा। जिसकी पूर्ण तैयारी कर ली गई है। जिला प्रशासन उक्त अभिलेखों को लगभग पंद्रह दिनों में किशनगंज लाने के लिए कार्यरत है।बता दें कि पूर्णिया में किशनगंज के लगभग 18 हजार से 20 हजार अभिलेख उपलब्ध थे जिनमें से लगभग 12 हजार से 13 हजार अभिलेखों को लाया गया था एंव शेष अभिलेखों को लाया जा रहा है। ज्ञात हो की जिले में कुल तीन निबंधन कार्यालय है किशनगंज सदर, बहादुरगंज और ठाकुरगंज में स्थित है। किशनगंज जिला का 14 जनवरी 1990 को अस्तित्व में आने के बाद से निबंधन से संबंधित सभी अभिलेख ज़िले में संरक्षित है। इसके पूर्व किशनगंज पूर्णिया का मुफ्फसिल/अनुमंडल हुआ करता था और निबंधन से संबंधित सभी अभिलेख पूर्णिया में संरक्षित थे जिसको अब जिलाधिकारी के निर्देश में चरणबद्ध तरीके से वापस किशनगंज लाया जा रहा है। वहीं ज़िला निबंधन पदाधिकारी मो अनवर आलम ने बताया की अभिलेखों के किशनगंज पहुंच जाने से आम जन को बहुत सुविधा होगी। बिहार विशेष भूमि सर्वेक्षण शुरू है। जिला मुख्यालय में अभिलेखों की उपलब्धता से पक्षकारों के लिए खोज एंव निरीक्षण के उपरांत सच्ची प्रतिलिपि प्राप्त किया जाना आसान हो जायेगा एंव उक्त का भौतिक सत्यापन भी आसानी से किया जा सकेगा।

# अररिया में चौठचंद्र त्योहार धूमधाम मनाया गया, महिलाओ ने किया चांद की पूजा।

नजरिया न्यूज अररिया। संवाददाता कुमार श्रीवास्तव।



अररिया शहर में धूमधाम से चौठचंद्र पर्व मनाया गया। महिलाएं पूरे दिन उपवास रखकर संध्या के समय चांद के साथ–साथ भगवान गणेश की पूजन किया। चौरचन पर्व को लेकर शहर के शिवपुरी, ओमनगर ,खरैयाबसती, कालीबजार आदि जगहों में महिलाओं के साथ–साथ बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

चौठचंद्र त्योहार को लेकर सुबह से ही शहर के बाजारों में पुजन सामग्री की खरिदारी को लेकर भीड़ उमड़ पड़ी।यह पूजा विशेष रूप से महिलाएं करती हैं। इसमें पूरी, पकवान, 56 भोग बनता है और चंद्र देव( चंद्रमा) का भोग लगता है, फिर उन्हें अर्पित किया जाता है। यह मिथिला का एक ऐसा त्योहार है, जो पूरे बिहार में धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें चंद्रमा की पूजा बड़ी धूमधाम से होती है।

# धूमधाम से मनाया गया तीज का त्यौहार

नजरिया न्यूज। अररिया।



बिहार के अररिया जिले में भी धूमधाम से मनाया गया तीज का महान पर्व। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए रखा निर्जला व्रत। भाद्रपक्ष के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि हरितालिका तीज भगवान शिव और माता अखंड जुड़ाव का प्रतीक है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन गौरी शंकर की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। हरितालिका तीज व्रत करने से पति की लंबी आयु की प्राप्ति होती है। जिसके चलते इस निर्जला व्रत को सुहागिन महिलाएं करती है। अररिया के ओम नगर में स्थित सुमन पुष्प भवन में भी रचना प्रकाश के द्वारा अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत हरतालिका तीज मनाया गया। जहां महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करके पति की दीर्घायु होने की मनोकामना की। व्रतधारी रचना प्रकाश ने निर्जला व्रत रखकर और रात में पूजन कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा। तीज व्रत करने वाली रचना प्रकाश ने प्रातः गौर पूजन किया। इसके बाद घरों को सुंदर मंडप के नीचे गौर को विराजित कर उसकी विधि विधान से पूजन किया गया। पूजन में व्रतधारी महिलाएं पांच प्रकार के व्यंजन अर्पित की। भगवान शंकर और पार्वती के अक्श को हल्दी, कुमकुम, चंदन, बेलपत्र और भगवान शंकर एवं माता पार्वती को चढ़ाने वाले फल एवं सुहाग की सामग्री चढ़ाकर शुभ मुहूर्त पर भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन किया। हरितालिका तीज का व्रत सुहागिन महिलाओं की ओर से पति की दीर्घायु की कामना से व्रत को निर्जला रूप में किया जाता है। यह व्रत वर्ष में एक बार आने वाले कठिन व्रत है। व्रत सभी सौभाग्यवती स्त्रियां निर्जला निराहार रहकर करती है यह सबसे लंबी अवधि का व्रत माना गया है। जो सूर्योदय से शुरू होकर दूसरे दिन सूर्योदय तक उपासक निराहार निराला रहकर व्रत करते हैं रात्रि में जागरण कर चार पहर की पूजा होती है हरितालिका तीज के गौर का विसर्जन सरोवर में भक्ति भाव के साथ किया जाता है।





